**Shree Ram Sharnam,**
**International Spiritual Centre**
8A, Ring Road, Lajpat Nagar - IV,
New Delhi - 110 024, INDIA

**मन मतवाले, राम गुण गाले, जय राम जय राम जय जय राम ॥**
**मन मतवाले, राम गुण गाले,**
**भज ले तू श्री राम, जय राम जय राम . . .**

**नाम में शक्ति, नाम में भक्ति,**
**नाम से बढ़कर, कोई न युक्ति,**
**ध्यान लगा ले, राम नाम का,**
**जीवन के हर पल और छिन में,**
**मुक्ति पाले, राम गुण गाले,**
**भज ले तू श्री राम ॥**
**जय राम जय राम . . .**

**चार दिनों की है, ये ज़िन्दगानी,**
**अब तो मुझे है बस राम धुन गानी,**
**नही भरोसा इन साँसो का,**
**जाने कब आ जाए बुलावा,**
**लगन लगा ले, राम गुण गाले,**
**भज ले तू श्री राम ॥**
**जय राम जय राम . . .**

**राम की प्रीत में रंग गया हूँ,**
**उसकी ही धुन में समा गया हूँ,**
**मस्ती में झूमूँ भूल के दुनिया,**
**जीवन नैया का है राम खिवैया,**
**ज्योत जगा ले, राम गुण गाले,**
**भज ले तू श्री राम ॥**
**जय राम जय राम . . .**

www.shreeramsharnam.org / www.ibiblio.org/ram